मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 02/08/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --187/2024
02 अगस्त 2024
झारखंड विधान सभा, रांची
==========================

▪ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने "झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड विधान सभा परिसर से "झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMSY)" के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु 10 एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन सभी एलईडी वाहनों के माध्यम से रांची, रामगढ़ एवं खूंटी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

विदित हो कि झारखंड विधान सभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के करकमलों से प्रचार-प्रसार वाहन रवाना होने के पश्चात रांची, रामगढ़ एवं खूंटी जिले के अलावे राज्य

के सभी जिलों के उपायुक्त द्वारा अपने-अपने जिलों में "झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" के बृहद प्रचार-प्रसार के लिए आज एलईडी वाहनों हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा रहा है। इस प्रकार आज से पूरे राज्य में "झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" का व्यापक प्रचार-प्रसार की शुरुआत हुई है।

इस अवसर पर झारखंड विधान सभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्रनाथ महतो, मंत्री, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग श्रीमती बेबी देवी, विधायक श्रीमती सविता महतो, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद, विधायक श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, सचिव श्री मनोज कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

==========================

#Team PRD(CMO)